# राजस्थान इलेक्शन वॉच

एफ–14, मधुबन कॉलोनी, टोंक फाटक, जयपुर 302015, 0141–2597864

## चुनाव आयोग
### आदर्श आचरण संहिता

समय समय पर निर्वाचन आयोग ने कई आदेश जारी किए। वे आदर्श आचरण संहिता है।

- जिस दिन चुनाव की घोषणा होती है उसी दिन से यह लागू हो जाती है।
- यह सब संगठन/कमेटियों/कारपोरेशन/आयोगों पर लागू होता है। जिन्हें सरकार द्वारा आंशिक या पूरी तरह अनुदान मिला हो।
- निम्न जगहों/चीजों का दुरुपयोग रोकना है
  - सरकारी वाहनों का उपयोग
  - सरकारी भवन
  - सरकारी अधिकारी/मशीनरी
- **कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में क्या**

| **इजाजत लेना है** | **नहीं करना है** |
|---|---|
| • कुछ भी करना हो तो चुनाव आयोग से इजाजत जरूरी है | • नई योजना/उद्घाटन/ नए वादे |
| • नई नियुक्ति/नियमित नियुक्ति | • किसी भी योजना के साथ राजनेताओं को जोड़ना |
| • कोई तबादला करना हो | • बजट प्रावधान हो तब भी नई योजना का उद्घाटन |
| | • कोई नया बजट प्रावधान |
| | • कार्य योजना बन गई हो तब भी कार्य प्रारंभ नहीं |
| | • सरकारी वाहनों का प्रयोग नहीं |

**मंत्रियों का दौरा**

- चुनाव प्रचार को दौरे के साथ नहीं जोड़ना है।
- मंत्री सरकारी दौरा नहीं करेंगे।

**क्या हो सकता है**

- चालू कार्य चलते रह सकते हैं।
- अचानक आई आपदा  में आपदा प्रबंधन होगा।
- सार्वजनिक स्थानों का उपयोग सब दलों के लिए बराबरी से मिलेगा।
- बैठकों के लिए पुलिस से सूचना लेना जरूरी।
- प्रतिबंधित आदेशों की पालना करना है।
- लाउडस्पीकर के प्रयोग पर इजाजत लेना है।
- जुलूस का मार्ग पहले ही तय करना है और पूर्व इजाजत लेना जरूरी है।

**क्या नहीं किया जा सकता है**

- सरकार के पैसे से कोई प्रचार प्रसार नहीं।
- चुनाव प्रचार व सरकारी काम को मिक्स नहीं करना है।
- मतदाता को कोई प्रलोभन नहीं।
- जाति/संप्रदायवाद को नहीं भड़काना है।
- नफरत नहीं फैलाना है।
- आपस में व्यक्तिगत कीचड़ नहीं उछालना है।
- धर्म स्थान से चुनाव प्रचार नहीं करना है।
- विचारो में मतभेद होने से किसी के घर के बाहर प्रदर्शन नहीं करना है।
- किसी के घर, दफ्तर, गाड़ी आदि पर बिना इजाजत के प्रचार सामग्री का इस्तेमाल नहीं करना है।
- किसी भी दल की सभा में व्यवधान नहीं डालना है।
- जुलूस में हथियारों का होना मना है।
- एक दूसरे के पोस्टर/झंडों को न नुकसान पहुंचाना है और न हटाना है।
- पोलिंग बूथ पर व उसके पास प्रचार सामग्री का इस्तेमाल नहीं करना है।
- प्रातः 6 से रात्रि 10 बजे बाद माइक का प्रयोग नहीं करना है।
- सरकारी वेबसाइट पर राजनेताओं /मंत्रियों का हवाला नहीं देना है।
- सरकारी वाहन /भवनों पर सरकारी प्रचार सामग्री को नहीं लगाना है।

**प्रचार के समय वाहन प्रयोग की शर्तें**

- किसी भी वाहन में प्रतिबंधित सामग्री होगी तो वह जब्त हो जाएगी।
- प्रचार में वाहन का उपयोग इजाजत के बाद।
- नामांकन के समय सिर्फ 3 गाड़ियों का इस्तेमाल।
- प्रचार के दौरान प्रत्येक गाड़ी पर एक झंडा पोस्टर ही लग सकता है।
- प्रचार सामग्री को पहुंचाने के लिए 5 वाहनों का प्रयोग इजाजत से ही होगा।
- परमिट का रंग अलग होगा।
- इसका खर्चा दल के खर्च में डाला जाएगा।

**संपत्ति/दीवार आदि का नुकसान नहीं**

- सरकारी भवन पर प्रचार सामग्री नहीं।
- चुनाव अधिकारी की इजाजत वाले स्थान पर प्रचार सामग्री का उपयोग।
- सबको समान स्थान दिया जाएगा।
- किसी की व्यक्तिगत संपत्ति पर बिना इजाजत चुनाव प्रचार नहीं।
- शिक्षण संस्था पर प्रचार सामग्री नहीं।

**मोबाइल पर मैसेज के दुरुपयोग पर रोक**

- कोई खराब संदेश नहीं हो।
- एक साथ मैसेज भेजने की जांच हो सकती है।
- चुनाव के 48 घंटे पहले मैसेज पर प्रतिबंध।
- लाउडस्पीकर /चुनाव सभा के लिए इजाजत लेना जरूरी है।

**चुनाव के दौरान अस्थाई कार्यालय**

- धर्म स्थान में नहीं होगा।
- सड़क पर अतिक्रमण करके नहीं होगा।
- एक झंडा व एक पोस्टर लगेगा।

**पैम्पलेट पोस्टर आदि पर प्रतिबंध**

- प्रचार सामग्री पर प्रकाशक का नाम व पता लिखना जरूरी।

**विडियोग्राफी**

- जिला निर्वाचन अधिकारी हर गतिविधि की विडियो रिकॉर्डिंग करेंगे।

**राजनैतिक दलों का रेडियो/ टीवी आदि पर प्रचार**

- हर बात के लिए इजाजत जरूरी है।
- हर प्रचार सामग्री की तीन सदस्यीय कमेटी जांच करेगी तभी टीवी आदि पर दिखाया जा सकेगा।
- अगर सर्टिफिकेशन न हो और प्रचार हो तो तुरंत कार्रवाई होगी।